अध्याय – 3
प्राथमिक चिकित्सा

3.1. चोट लगने पर बहते हुए रक्त को रोकना :–

1. सर्वप्रथम घाव को पार्श्वो पर दबाव डालकर रक्त का बहाव बन्द करें
2. बड़े घावों पर कई पट्टियों को बांधे।
3. आवश्यक हो तो घाव के कुछ ऊपर कसा हुआ बंधन बांधें।

3.2 घाव को साफ करना एवं पट्टी करना :–

1. सर्वप्रथम घाव को रूई से डिटॉल लगाकर साफ करना चाहिये।
2. उसके बाद घाव पर कोई भी एन्टीसेप्टिक लगाकर रूई लगानी चाहिये।
3. इसके पश्चात् पट्टी कर देनी चाहिये।

3.3 बेहोशी का प्राथमिक उपचार :–

1. मूर्छित व्यक्ति को तुरन्त बिस्तर अथवा सूखे लकड़ी के फर्श पर लिटा दें।
2. यदि पीड़ित की श्वास चल रही है तो 3–4 मिनट उसे आराम करने दें जिससे कि उसके शरीर में एकत्रित विद्युत समाप्त हो जाए और तब उसके मुंह पर ताजे पानी के छीटें मारकर उसे होश में लाएं।

3.4 जहरीले जानवर के काटने पर प्राथमिक उपचार :–

1. सर्वप्रथम जिस स्थान पर जानवर ने काटा है उस स्थान के दोनों तरफ कसकर रस्सी बाँध देनी चाहिये ताकि उसका जहर फेलने से रूक जाये।
2. जिस व्यक्ति को जानवर ने काटा है उस व्यक्ति को सोने नहीं देना चाहिये।
3. पीड़ित व्यक्ति को तुरन्त बाद अस्पताल ले जाना चाहिये।

3.5 दुर्घटना होने पर प्राथमिक उपचार :–

1. पीड़ित व्यक्ति के चारों ओर से भीड़ हटा दें जिससे कि उसे स्वच्छ वातावरण की ताजा हवा मिल सके।
2. पीड़ित के मुंह से नकली दांत, पान, तम्बाकू आदि हो तो निकाल देवें।
3. पीड़ित व्यक्ति को यदि रक्त प्रवाह हो तो उसे किसी कपड़े से बांध देवें।
4. घाव के स्थान को डिटॉल से साफ कर तुरन्त एंबुलेंस को बुलावें।

3.6 जलने पर प्राथमिक उपचार :–

1. पीड़ित व्यक्ति के जले अंगों को स्वच्छ कपड़े अथवा कागज के ढक दें जिससे कि उन पर मक्खी, मच्छर आदि न बैठे और पीड़ित के शरीर में अन्य बीमारियों को न फेला सके।

2. पीड़ित यदि कमरे में हो तो खिड़की–दरवाजे आदि खोल दें जिससे कि स्वच्छ वायु का निर्बाध आवागमन हो सके।
3. पीड़ित को यदि श्वास लेने में कठिनाई प्रतीत हो तो कृत्रिम श्वास क्रिया प्रारम्भ कर दें।
4. उसके बाद पीड़ित व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल ले जाएँ।

3.7 डूबने पर प्राथमिक उपचार :—

1. डूबे व्यक्ति के चारों ओर से भीड़ को हटा दें। जिससे कि उसे स्वच्छ वायु मिल सके।
2. यदि व्यक्ति के शरीर में पानी भर गया हो तो उसकी छाती को दबाकर उसका पानी निकाले तथा उसे श्वास न आए तो उसे श्वास देनी चाहिए।
3. उसे तुरन्त अस्पताल ले जाना चाहिए।

3.8 अग्निशमन कार्य :—

1. हर एक कार्यशाला में अग्निशमन यंत्र आवश्यक रूप से उपलब्ध रहना चाहिये क्योंकि बिजली के शॉर्ट सर्किट अथवा अन्य किसी कारण से कार्यशाला में लगी आग की रोकथाम आवश्यक है। आग से कार्यशाला की कीमती सम्पत्ति ही नहीं बल्कि कार्यशाला में कार्यरत व्यक्तियों का जीवन भी खतरे में पड़ सकता है। अग्निशमन यंत्र एवं उपकरण कार्यशाला में ऐसे स्थान पर स्थापित किये जाने चाहिये जहां से तुरन्त ही प्रयोग किए जा सकें। इनके अन्तर्गत अग्निशमन यंत्र रेत से भरी भारी बाल्टियाँ, पानी से भरी बाल्टियाँ आदि की भी व्यवस्था की जाती है।

चित्र 3.1 अग्निशमन यंत्र

गैस से लगने वाली आग

सिलेण्डर आदि से भरी (LPG) गैस आदि में लगी आग से विस्फोट होने की संभावना भी विद्यमान रहती है। इस प्रकार की आग बुझाने के लिए या तो हो सके तो गैस की सप्लाई काट दें अन्यथा

चेतावनी घण्टी बजा दें और अग्निशमन विशेषज्ञों को बुलाएं। इस प्रकार की आग बुझाने के लिए शुष्क चूर्ण वाले यंत्र उपयुक्त रहते हैं।

विद्युत से लगने वाली आग

बिजली के तारों उपकरणों एवं अन्य घात्विक पदार्थों में लगी आग को बुझाने के लिए कार्बन डाई ऑक्साइड (CO_2) शुष्क चूर्ण एवं CTC अग्निशमक यंत्र उपयुक्त रहते हैं। इसके अतिरिक्त शुष्क रेत भी प्रयोग की जा सकती है। झाग वाले यंत्र अथवा जल की बौछार का प्रयोग इस प्रकार की आग बुझाने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

अभ्यास प्रश्न–

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. चोट लगने पर बहते हुए रक्त को रोकने के लिए कौनसी सामग्री प्रयोग में लेते हैं :–
   (अ) टिंचर (ब) लाल दवा (स) डिटॉल (द) उपरोक्त सभी
2. घाव को साफ करने के लिए कौनसी सामग्री प्रयोग में लेते हैं :–
   (अ) रूई (ब) डिटॉल (स) एन्टीसेप्टिक क्रीम (द) उपरोक्त सभी
3. विद्युत उपकरणों में लगी आग को बुझाने के लिए किसका उपयोग नहीं किया जा सकता है :–
   (अ) कार्बन डाई ऑक्साइड (ब) शुष्क चूर्ण यंत्र
   (स) CTC अग्निशमक यंत्र (द) जल की बौछार देने वाला यंत्र

लघुत्तरात्मक प्रश्न

1. विद्युत झटके के कारण बेहोश हुए व्यक्ति को कैसे होश में लाया जा सकता है?
2. जहरीले जानवर के काटने पर सर्वप्रथम क्या करना चाहिये?
3. विद्युत तारों में लगी आग को बुझाने के लिए कौनसा अग्निशमक यंत्र उपयोग में लिया जाता है?
4. CTC अग्निशमक यंत्र का पूरा नाम लिखो।
5. गैस से लगने वाली आग को बुझाने के लिए कौनसा अग्निशमक यंत्र प्रयोग करते हैं?

निबंधात्मक प्रश्न

1. दुर्घटना में किसी व्यक्ति को चोट लगने पर आप किस प्रकार प्राथमिक चिकित्सा देंगे?
2. अग्निशमन कार्य करते समय किन बातों को ध्यान में रखा जाना आवश्यक है?

उत्तरमाला (वस्तुनिष्ठ प्रश्न) :

1. (द) 2. (द) 3. (द)